1	2	3	4	5
66.	Manjareti Chemicals . . .	Details not given.		
67.	Globe Organics	2399	—	—
68.	Trinity	Details not given.		
69.	Cheminor Drugs . . .	2890	—	—
70.	Synbiotics Ltd.	3307	17	0.5
71.	Serdia Pharma	718	38	5.3
72.	Anil Starch	4085	—	—
73.	Cevee Pharma	8	—	—
74.	Inventas Chem.	1497	—	—
75.	Indon Labs.	137	—	—
76.	Sarabhani M. Chem. . . .	1464	—	—
77.	Malladi Drugs	1305	12	0.9
78.	Anglo French	1174	—	—
79.	B.I.L.	2297	84	3.7

* : Includes both Drugs & Formulations.

हृदय रोगियों की दवाइयों के मूल्य

3117. **श्री राम नरेश यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि औषधियों के अभाव के नाम पर हृदय रोग की औषधियों को ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस पर नियंत्रण रखने के संबंध में क्या कार्यवाही की है; और

(ग) सरकार द्वारा भविष्य में दवाइयों की कालाबाजारी को प्रभावी रूप से रोकने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) इस प्रकार का कोई मामला सरकार के नोटिस में नहीं आया है।

(ख) और (ग) सरकार द्वारा कीमत नियंत्रित सूत्रयोगों की कीमतें बी आई सी पी की सिफारिशों के आधार पर डी पी सी ओ, 1987 के उपबंधों के अनुसार और सरकार द्वारा ध्यानपूर्वक जांच करने के बाद स्वीकृत की जाती है। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि स्वीकृत कीमत वृद्धि वास्तव में अन्तर्वस्तु की लागतों में वृद्धि से संबंधित है।

किसी कम्पनी द्वारा किसी सूत्रयोग को सरकार द्वारा नियत कीमत से अधिक पर बेचने का कोई मामला जब भी सरकार के नोटिस में आता है तो मामले को स्पष्टीकरण/आवश्यक कार्रवाई के लिए कंपनी या राज्य औषध नियंत्रक के साथ उठाया जाता है।

3118. *[Transferred to 27th August, 1993]*

एयर इंडिया/इंडियन एयरलाइन्स के राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों में तालमेल स्थापित करने के संबंध में समिति

3119. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स के राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के बीच तालमेल स्थापित करने हेतु एक समिति गठित की गई थी;

(ख) यदि हां, तो उस समिति ने क्या सिफारिशें दी हैं; और

(ग) इन सिफारिशों को कार्यान्वित करने हेतु सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) जी, हां। समिति ने खाड़ी क्षेत्र में निर्धारित सैक्टरों पर दोनों एयरलाइनों द्वारा संयुक्त रूप से उड़ानों के प्रचालनों की सिफारिश की थी। सरकार ने ऐसे प्रचालनों का अनुमोदन कर दिया है और यह निर्णय लिया गया है कि दोनों एयरलाइनों के बीच राजस्व का बंटवारा मोटे तौर पर प्रत्येक वाहक के विमान द्वारा उपलब्ध कराई गई सीट किलोमीटर के अनुपात में किया जाएगा।

Union in I.T.D.C. Hotels

3120. SHRI V. GOPALSAMY:
SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBHI :

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) the number and details of unions functioning in various ITDC hotels, units. divisions as on date;